बरेली, सोमवार
14 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO: IV BOTTOM

# बासुबरल ने आरएन टैगोर को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त

- आरएन टैगोर के 87 रन के दिए लक्ष्य को बासुबरल ने एक विकेट खोकर हासिल किया
- बासुबरल के कप्तान आलराउंडर शिवप्रताप 56 रन बनाने पर चुने गए मैन आफ द मैच

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एरएन टैगोर इंटर कालेज के बीच मैच खेला गया। इसमें बासुबरल ने आरएन टैगोर को नौ विकेट से शिकस्त दी। एक छक्के और 11 चौकों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल करने वाले बासुबरल के कप्तान शिवप्रताप को मैन आफ द मैच चुना गया।



बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। • जागरण

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में हुए टूर्नामेंट में टास जीतकर आरएन टैगोर इंटर कालेज के कप्तान अभिषेक सक्सेना ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले ही ओवर में बिना खाता खुले आरएन टैगोर के कप्तान अभिषेक सक्सेना को बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने कैच आउट कर पेवेलियन भेज दिया। फिर नियमित अंतराल पर आरएन टैगोर के विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18 ओवर में 87 रन पर ढेर हो गई। इसमें यश ने 17 रन, आशू सक्सेना ने नाबाद 25 रन और सुमित यादव ने 10 रन का योगदान दिया।

जवाब में बासुबरल की टीम के बल्लेबाजों ने पिच पर उतरते ही अपने आक्रामक तेवर दिखाने शुरू कर दिए और एक विकेट के नुकसान पर 9.4 ओवर में 89 रनों के साथ लक्ष्य हासिल कर लिया। इसमें कप्तान शिव प्रताप के 56 रन और विक्की शर्मा के 14 रन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों अंत तक आउट नहीं हुए।

एक छक्के और 11 चौकों की मदद से 32 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल करने वाले बासुबरल के कप्तान शिवप्रताप को मैन आफ द मैच चुना गया।

## टूर्नामेंट में आज

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को टूर्नामेंट का दसवां मैच सुबह आठ बजे मानस स्थली स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच होगा। दोपहर बारह बजे से एसआर इंटरनेशनल स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल के बीच होगा।